देदो ऐसा वर मुझे मैं गाता ही रहु

देदो ऐसा वर मुझे मैं गाता ही रहु,
जिंदगी बर तुझको माँ रिजाता ही रहु,
होठो पे हो मैया सिर्फ तेरा नाम हो,
दिन हो चाहे रात मैया सुबह शाम हो ,
देदो ऐसा वर मुझे मैं गाता ही रहु

तेरी किरपा की माँ जरूरत है,
तू ही ममता की मैया मुरत है,
छाव तेरे आँचल की पाता मैं रहु,
कुछ न कुछ मैं भी पाता ही रहु,
देदो ऐसा वर मुझे मैं गाता ही रहु

तूने कितनो को मैया तारा है,
मैंने भी माँ तुझे पुकारा है,
तुम को सब पता है मैया जयदा क्या कहु,
तू बुलाती रहना और मैं आता रहु,
देदो ऐसा वर मुझे मैं गाता ही रहु

राजा को माँ तेरा सहारा है तेरी किरपा से ही गुजारा है,
साथ रहना इस से जयदा कुछ भी न कहु,
राखे जैसे मैया तू वैसा ही रहु ,
देदो ऐसा वर मुझे मैं गाता ही रहु

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw